**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न सं. 79
उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2020

## जनजातीय विश्वविद्यालय

**79. श्री अरूण सावः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा बस्तर में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के संबंध में भेजा गया एक प्रस्ताव केंद्र सरकार द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव को निरस्त करने के क्या कारण हैं?
(ग) क्या छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने बस्तर के जनजातीय लोगों को शिक्षा प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य से सटे अमरकंटक में कार्यशील केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के एक परिसर की स्थापना के संबंध में सरकार को प्रस्ताव भेजा है/अनुरोध किया है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) से (ङ.) वर्तमान में, छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक नए केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु कोई प्रस्ताव नहीं है।बस्तर में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था।तथापि, यह निर्णय लिया गया था कि किसी विस्तार पर विचार करने से पूर्व विश्वविद्यालय को अपने मुख्य कैंपस में पहले अपने कार्य को व्यवस्थित कर लेना चाहिए।12वीं योजना (2012-17) के अनुसार, जैसाकि राष्ट्रीय विकास परिषद् (एनडीसी) द्वारा अनुमोदित किया गया है, में उच्चतर शिक्षा प्रणाली के समेकन पर बल दिया गया है।विस्तार मुख्य रूप से नए संस्थानों की स्थापना के स्थान पर विद्यमान संस्थानों की क्षमता बढ़ाकर किया जाएगा।इसके अलावा, केंद्रीय सरकार ने राज्यों को,

विश्वविद्यालय के विद्यमान संस्थानों के प्रोन्नयन हेतु, बशर्ते वह मानकों के अनुसार पात्र हों, लागत शेयरिंग आधार पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) की शुरुआत की है।

*****